रजत जयंती समारोह

चंडीगढ़ के मेयर श्री अनुप गुप्ता एवं एडीशनल सॉलीसीटर जनरल और पूर्व सांसद श्री सत्यपाल जैन ने ग्रिड परिसर में पौधारोपण किया

22 अगस्त 2023

चंडीगढ़। राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड), सेक्टर 31 के द्वारा अपने रजत जयंती समारोह के अवसर पर संस्थान परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शहर के मेयर श्री अनूप गुप्ता एवं भारत सरकार के सॉलीसीटर जनरल एवं पूर्व सांसद श्री सत्यपाल जैन ने संस्थान परिसर में अपनी उपस्थिति दर्ज कर पौधारोपण कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

मेयर अनूप गुप्ता ने संस्थान के प्रबंधन और यहां के कर्मियों के टीमवर्क की सराहना की जिनके वजह से इन दिव्यांग बच्चों की विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिक्षण, स्पोर्ट्स, जॉब इत्यादि में प्रगति दिखती है और ग्रिड का नाम पूरे रीजन में बन पाया है। श्री गुप्ता ने कहा कि यह चंडीगढ़ के लिए और हम सब लिए गर्व की बात है। इन्होंने बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के रोजगार के लिए नगर निगम में यथोचित जगह की पहचान करने एवं सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की भी बात कही।

एडीशनल सॉलीसीटर जनरल एवं पूर्व सांसद श्री सत्यपाल जैन ने ग्रिड के रजत जयंती समारोह की शुभकामनाएं दी एवं यहां के कर्मियों की कार्यप्रणाली की सराहना की। साथ ही, दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं आर्थिक रूप से स्वावलंबन हेतु बेहतर स्कीम, ट्रेनिंग कार्यक्रम, रोजगार के लिए सुझाव भी मांगे। श्री जैन ने वृक्षारोपण की महत्ता और उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला और बताया कि यदि पर्याप्त मात्रा में वृक्ष लगाए जाते, तो आज भूस्खलन जैसे हृदय विदारक दृश्य देखने को नहीं मिलती।

जीएमसीएच 32 के डायरेक्टर प्रिंसिपल संस्थान के निदेशक डॉ जसविंदर कौर ने मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह के साथ स्वागत किया। संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण ने विगत 25 वर्षों में संस्थान के द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का उल्लेख किया। इस अवसर पर ग्रिड के कर्मियों और विशेष विद्यालय के बच्चों ने भी पौधे लगाए।

शाम में ग्रिड कॉलेज के विद्यार्थियों के द्वारा प्लाजा, सेक्टर सेक्टर 17 में दिव्यांगों के प्रति सामाजिक जन जागरूकता एवं इनकी स्वीकृति के उद्देश्य से एक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गई, जिसे दर्शकों ने काफी सराहा।

सुझाव — मेयर अनुप गुप्ता और एडिशनल सॉलीसिटर जनरल सत्यपाल जैन ने ग्रिड परिसर में पौधारोपण किया

25 वर्षों में संस्थान द्वारा किए महत्वपूर्ण कार्यों का किया उल्लेख

चंडीगढ़ दिनभर

राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड), सेक्टर 31 के द्वारा अपने रजत जयंती समारोह पर संस्थान परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि मेयर अनूप गुप्ता एवं भारत सरकार के सॉलिसिटर जनरल एवं पूर्व सांसद सत्यपाल जैन ने संस्थान परिसर में अपनी उपस्थिति दर्ज कर पौधारोपण कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मेयर अनूप गुप्ता ने संस्थान के प्रबंधन और यहां के कर्मियों के टीमवर्क की सराहना की जिनके वजह से इन दिव्यांग बच्चों की विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिक्षण, स्पोर्ट्स, जॉब इत्यादि में प्रगति दिखती है और ग्रिड का नाम पूरे रीजन में बन पाया है। गुप्ता ने कहा कि यह चंडीगढ़ के लिए और हम सब लिए गर्व की बात है। इन्होंने बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के रोजगार के लिए नगर निगम में यथोचित जगह की पहचान करने एवं सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की भी बात कही। पूर्व सांसद सत्यपाल जैन ने ग्रिड के रजत जयंती समारोह की शुभकामनाएं दी एवं कर्मियों की कार्यप्रणाली की सराहना की। दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं आर्थिक रूप से स्वावलंबन हेतु बेहतर स्कीम, ट्रेनिंग कार्यक्रम, रोजगार के लिए सुझाव भी मांगे। जैन ने वृक्षारोपण की महत्ता और उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला और बताया कि यदि पर्याप्त मात्रा में वृक्ष लगाए जाते, तो आज भूस्खलन जैसे हृदय विदारक दृश्य देखने को नहीं मिलती। जीएमसीएच 32 के डायरेक्टर प्रिंसिपल संस्थान के निदेशक डॉ जसविंदर कौर ने मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह के साथ स्वागत किया। संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण ने विगत 25 वर्षों में संस्थान के द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का उल्लेख किया।

इस अवसर पर ग्रिड के कर्मियों और विशेष विद्यालय के बच्चों ने भी पौधे लगाए। ग्रिड कॉलेज के विद्यार्थियों के द्वारा प्लाजा, सेक्टर 17 में दिव्यांगों के प्रति सामाजिक जन जागरूकता एवं इनकी स्वीकृति के उद्देश्य से एक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गई, जिसे दर्शकों ने काफी सराहा।

कार्यक्रम में ग्रिड के विशेष विद्यालय की प्रिंसिपल वंदना सिंह, क्लीनिक इंचार्ज डॉ रीना जैन, कोर्स कोआर्डिनेटर डॉ रवि केएम, प्रशासनिक अधिकारी जसपाल शर्मा एवं संस्थान के सभी [illegible] कर्मी उ[illegible]

मीडिया कवरेज

मेयर, एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ने ग्रिड में लगाए पौधे

चंडीगढ़| सिल्वर जुबली सेलिब्रेशंस के अंतर्गत गवर्नमेंट रिहैब्लिटेशन इंस्टीट्यूट फॉर इंटलेक्चुअल डिसएबिलिटीज यानी ग्रिड सेक्टर-31 ने ट्री प्लांटेशन आयोजित किया। इसमे मेयर अनूप गुप्ता और एडिशनल सॉलिसिटर जनरल सत्यपाल जैन ने पौधे लगाए। सत्यपाल जैन ने इस मौके पर पौधे लगाने के महत्व के बारे में बताया।

मीडिया कवरेज

संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मियों को संबोधित करते हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल श्री सत्यपाल जैन ।

एडिशनल सॉलिसिटर जनरल श्री सतपाल जैन जी को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए संस्थान की निदेशक डॉ जसविंदर कौर एवं संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण।

चंडीगढ़ के मेयर श्री अनूप गुप्ता जी को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए संस्थान की निदेशक डॉ जसविंदर कौर एवं संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण।

पौधारोपण करते हुए एडिशनल सॉलिसिटर श्री सत्यपाल जैन।

पौधारोपण करते हुए चंडीगढ़ के मेयर श्री अनूप गुप्ता।